DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

धामी को सौंपा यूसीसी नियमावली का ड्राफ्ट

देहरादून, विशेष संवाददाता। उत्तराखंड में जल्द समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने जा रही है। शुक्रवार को सचिवालय में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी नियमावली और क्रियान्वयन समिति ने नियमावली का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री को सौंप दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यूसीसी को विधिवत रूप से लागू करने के लिए जल्द ही कैबिनेट में मंथन कर तारीख तय की जाएगी। इसके साथ ही उत्तराखंड आजादी के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। समिति के अध्यक्ष पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को नियमावली ड्राफ्ट की प्रतियां सौंपी। मीडिया के सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि यूसीसी किसी के खिलाफ नहीं है। इसे किसी भी व्यक्ति या वर्ग को टारगेट करने के लिए नहीं लाया गया है। यूसीसी का एकमात्र उद्देश्य राज्य में सभी लोगों को समान न्याय-अवसर देना और महिलाओं का सशक्तिकरण व उन्हें सुरक्षा देना है। जो लोग समाज में विभेद-वैमनस्य की राजनीति करते रहे हैं, वो ही यूसीसी को लेकर असमंजस में हैं।

यूसीसी नियमावली और क्रियान्वयन समिति ने शुक्रवार को सचिवालय में ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा। • हिन्दुस्तान

> यह प्रत्येक उत्तराखंडवासी के लिए गौरव का क्षण है कि हमारा प्रदेश समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। यूसीसी सभी नागरिकों को एक समान कानूनी अधिकार प्रदान करेगा। इसके लागू होने से हमारी मातृशक्ति सामाजिक और आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनेंगी।
>
> –पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

➤ संबंधित खबर P08

News paper- Amar Ujala
Date - 19.10.2024